SUNDAY | 14.03.2021

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 63 | अंक 56 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : छह रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

PAGE NO. 09 : LEFT MIDDLE

राष्ट्रीय महिला हैंडबाल चैंपियनशिप 17 से

राष्ट्रीय महिला हैंडबाल चैंपियनशिप को लेकर हुई बैठक। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। 49वीं राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप बरेली में 17 से 21 मार्च तक होगी। इसके मुकाबले स्पोर्ट्स स्टेडियम के साथ शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों के खेल मैदानों पर भी होंगे।

शनिवार को जिला ओलंपिक संघ ने चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर उप्र. ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव रमनदीप सिंह की अध्यक्षता में स्टेडियम रोड स्थित कार्यालय पर बैठक की। चैंपियनशिप में शामिल होने आ रही टीमों के ठहरने का इंतजाम केसीएमटी परिसर में किया गया है, जबकि टूर्नामेंट के मैच केसीएमटी के साथ साथ इन्वर्टिस, एसआरएमएस, फ्यूचर कॉलेज में कराने का फैसला किया गया है।

जिला ओलंपिक संघ की बैठक में तैयारियों पर हुआ विचार-विमर्श

चैंपियनशिप के लिए 15 मार्च से टीमों का आगमन शुरू हो जाएगा। इस चैंपियनशिप में देश के 25 राज्यों की 32 टीमें भाग लेंगी। जिसमें 25 से ज्यादा टीम ने आने की जानकारी जिला ओलंपिक संघ को दे दी है। बैठक में जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन डॉ. विनय खंडेलवाल, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. स्वतंत्र कुमार, जिला हैंडबॉल कमेटी के जिला अध्यक्ष बीएन मिश्रा के साथ हैंडबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे। शनिवार को एक प्रतिनिधि मंडल भी केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार और मेयर उमेश गौतम से मिला।